चीनी पर 2 फीसदी प्रवेश शुल्क

शिशिर प्रशांत
देहरादून, 23 जुलाई

उत्तराखंड सरकार बाहर से (खासकर महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश) आने वाली चीनी पर 2 प्रतिशत प्रवेश शुल्क लगाने पर विचार कर रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही चीनी पर 2 प्रतिशत प्रवेश शुल्क लगा दिया है, माना जा रहा है कि इसे देखते हुए उत्तराखंड इस पर विचार कर रहा है। एक उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में हमारी चीनी का उचित दाम नहीं मिल रहा है क्योंकि वहां पहले ही 2 प्रतिशत प्रवेश शुल्क लगा दिया गया है। हमारे राज्य में 2 प्रतिशत प्रवेश शुल्क लगाए जाने से राज्य की हमारी चीनी मिलों को फायदा होगा।' इसके लिए राज्य के चीनी विभाग के अधिकारियों ने पहले ही वित्त विभाग से बात की है। मुख्यमंत्री हरीश रावत भी 2 प्रतिशत प्रवेश शुल्क लगाए जाने के पक्ष में हैं। पड़ोसी राज्य में चीनी पर प्रवेश शुल्क लगने से राज्य की चीनी मिलों पर बुरा असर पड़ रहा है।

बिजनेस स्टैन्डर्ड
24/7/14

✓